**अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दिनांक 15 जून, 2026 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में बैठक का कार्यवृत्त।**

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टी0सी0–अ दिनांक– 21.01.2020 के द्वारा जिला पेयजल स्वच्छता मिशन का गठन किया गया था। गठित समिति की बैठक दिनांक 15 जून, 2026 को अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन/जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0, मुम्बई एवं मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0, हैदराबाद द्वारा कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में विकास भवन सभागार, प्रतापगढ़ में आहूत की गयी, जिसमें माननीय राज्य सभा सांसद/माननीय सदस्य विधान परिषद के प्रतिनिधि, निम्न अधिकारी एवं फर्म के प्रतिनिधियों के साथ–साथ उपस्थित रहे–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य विकास अधिकारी | सदस्य |
| 3 | जिला कृषि अधिकारी | सदस्य |
| 4 | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई | सदस्य |
| 5 | जिला मुख्य चिकित्साधिकारी | सदस्य |
| 6 | अधिशासी अभियन्ता, भू–गर्भ जल विभाग | सदस्य |
| 7 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | सदस्य |
| 8 | जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी | सदस्य |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज। | सदस्य |
| 10 | अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम/लालगंज/कुण्डा/रानीगंज | आमंत्रित सदस्य |
| 11 | जिला पंचायत राज अधिकारी | आमंत्रित सदस्य |
| 12 | प्रतिनिधि, माननीय राज्य सभा सांसद | आमंत्रित सदस्य |
| 13 | श्री अभिमन्यु सिंह, प्रतिनिधि, श्री उमेश द्विवेदी, माननीय विधान परिषद सदस्य | आमंत्रित सदस्य |
| 14 | श्री सोमेश शर्मा, परियोजना प्रबन्धक, मे0 कलपतरू प्रोजेक्ट इण्टरनेशनल लि0 (जे0एम0सी0), 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई। | कार्यदायी संस्था |
| 15 | श्री नागाराजू सनापला, परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट–भूरथनम कन्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लान्ट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, मधापुर, हैदराबाद। | कार्यदायी संस्था |
| 16 | श्री आलोक दूबे, परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात। | कार्यदायी संस्था |
| 17 | जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़ | अनुश्रवण इकाई |
| 18 | उप परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट, क्लस्टर–15, प्रतापगढ़ (टी0पी0आई0ए0)। | टी0पी0आई0ए0 |
| 19 | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़। | सदस्य सचिव |

**बिन्दु सं0– 1 (जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के अन्तर्गत योजनाओं की प्रगति के सम्बन्ध में)–**

सदस्य सचिव/अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद प्रतापगढ़ में ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के क्रियान्वयन तथा 10 वर्षों के संचालन एवं रख–रखाव हेतु 02 फर्मों को सूचीबद्ध किया गया है, जिसमें 366 नग पेयजल योजनायें मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0, मुम्बई एवं 456 नग पेयजल योजनायें मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0, हैदराबाद को आवंटित की गयी है, जिसके सापेक्ष 54 नग पेयजल योजनायें मेसर्स जे0एम0सी0 एवं 131

Scanned with OKEN Scanner

नग पेयजल योजनायें मेसर्स पावरमेक द्वारा पूर्ण कर ली गयी है एवं सम्बन्धित फर्म द्वारा वर्तमान में उक्त पेयजल योजनाओं का संचालन एवं रख–रखाव किया जा रहा है।

| फर्म का नाम | आवंटित पेयजल योजना | योजनाओं की प्रगति | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 0% | 1-25% | 26-50% | 51-75% | 76-99% | 100% |
| M/s JMC | 366 | 29 | 28 | 50 | 91 | 114 | 54 |
| M/s PMPL | 456 | 18 | 23 | 48 | 95 | 141 | 131 |
| **Total** | **822** | **47** | **51** | **98** | **186** | **255** | **185** |

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निम्न निर्देश दिये गये –

I. उक्त 185 नग पूर्ण पेयजल योजनाओं की सूची विधानसभा–वार तैयार कर सम्बन्धित जनप्रतिनिधियों को पत्र के माध्यम से 03 दिवस के अन्दर प्रेषित की जाय।

II. यदि उपरोक्त 185 नग पूर्ण पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई कमी अथवा सुझाव से अवगत कराया जाता है तो उसका निस्तारण 25 दिवस के भीतर अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा सुनिश्चित कराते हुए माननीय जनप्रतिनिधियों को पुनः अवगत कराया जाय।

III. 185 नग पेयजल योजनाओं का संतुष्टि सर्वेक्षण (Satisfaction Survey) जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई के माध्यम से 15 दिवस के अन्दर 3 श्रेणी यथा– हरा (सतुष्ट), पीला (सुधार की आवश्यकता) एवं लाल (असंतोषजनक) में कराया जाना सुनिश्चित करें।

IV. ऐसी पेयजल योजनायें जिनकी भौतिक प्रगति 90–100 प्रतिशत के मध्य है, उनकी एजेन्सीवार सूची प्राप्त करके उक्त सूची का 01 सप्ताह के अन्दर टी0पी0आई0 एजेन्सी से सत्यापन कराते हुए रिपोर्ट (एजेन्सीवार) अधिशासी अभियन्ता के माध्यम से मुख्य विकास अधिकारी को उपलब्ध कराये।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़/ जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई/मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0, टी0पी0आई0ए0)**

**बिन्दु संख्या– 2 (जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मेसर्स पावरमेक एवं मेसर्स जे0एम0सी0 द्वारा खारे पानी/भूमि अप्राप्त/भूमि विवादित होने के सम्बन्ध में) –**

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 47 नग पेयजल योजनाओं में कार्य अनारम्भ है (41 नग योजनाओं में खारे पानी के कारण एवं 6 नग योजनायें भूमि अप्राप्त के कारण)। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्बन्धित फर्म के प्रतिनिधियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इस सम्बन्ध में फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री सोमेश शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में उनकी फर्म से सम्बन्धित 28 नग पेयजल योजनायें में खारा पानी से प्रभावित है, उन पेयजल योजनाओं में अन्य समीपस्थ ग्राम सभाओं में भूमि प्राप्त न होने के कारण बोरिंग का पुनः प्रयास किया जाना सम्भव नहीं हो सका, साथ ही 04 पेयजल योजनाओं के द्वितीय ट्यूबवेल हेतु उपयुक्त भूमि अभी तक चिन्हित नहीं हो सकी है, उक्त ग्रामों का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0सं0 | तहसील | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत |
|---|---|---|---|
| 1 | पट्टी | बाबा बेलखरनाथ धाम | खूझीकला |
| 2 | पट्टी | मंगरौरा | चन्दौका |
| 3 | पट्टी | पट्टी | दुबौली |
| 4 | रानीगंज | शिवगढ़ | चौहरजनदेवी |
| 5 | सदर | मान्धाता | सराय देवराय |
| 6 | सदर | मान्धाता | छितपालगढ़ |
| 7 | सदर | मान्धाता | बजहा |
| 8 | सदर | मान्धाता | हरिहरपुर, रामपुर |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | सदर | सदर | पूरे खुशई |
| 10 | सदर | सदर | रेड़वीर |
| 11 | सदर | मान्धाता | हालमई |
| 12 | सदर | सण्डवा चन्द्रिका | दादू पूरनसिंह |
| 13 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | बहलोलपुर |
| 14 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | तिलौरी |
| 15 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | कटवढ़ |
| 16 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | पतुलकी |
| 17 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | लक्ष्मणपुर एवं मझवारा |
| 18 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | कांछ |
| 19 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | खरगपुर, लीलापुर |
| 20 | लालगंज | रामपुर संग्रामगढ़ | महमदपुर चरपुरा |
| 21 | लालगंज | सांगीपुर | चतुरीपुर, भवानीपुर, जलालाबाद, गजेहड़ी, डभियार, पूरे मुरली, मझगवां, नौबस्ता |
| 22 | लालगंज | लालगंज | धघुवा गाजन |
| 23 | लालगंज | सांगीपुर | गोपालपुर, भगौरा |
| 24 | लालगंज | सांगीपुर | आमीशंकरपुर, साल्हापुर |
| 25 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | तिना एवं इतौरी (द्वितीय ट्यूबवेल) |
| 26 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | सिंधौर (द्वितीय ट्यूबवेल) |
| 27 | लालगंज | लक्ष्मणपुर | डांडी (द्वितीय ट्यूबवेल) |
| 28 | सदर | मान्धाता | पूरे तोरई, गौरा (द्वितीय ट्यूबवेल) |

बैठक में उपस्थित फर्म मेसर्स पावरमेक के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री नागाराजू सनापला से भी इस सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी, परन्तु उनके द्वारा कोई स्पष्ट उत्तर नहीं दिया गया।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निम्न निर्देश दिये गये कि ऐसे ग्राम जिनमें खारा पानी प्राप्त हुआ है, उनकी एजेन्सीवार सूची तैयार करते हुए सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को समीपस्थ ग्राम में नलकूप हेतु उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी के माध्यम से पत्र प्रेषित कराये।

इसके अतिरिक्त फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रतिनिधि श्री सोमेश शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि 10 पेयजल योजनाओं में कोर्ट केस के कारण कार्य बाधित है एवं इसी प्रकार मेसर्स पावरमेक के प्रतिनिधि श्री नागाराजू सनापला द्वारा अवगत कराया गया कि 01 पेयजल योजना में कोर्ट केस के कारण निर्माण कार्य बाधित है, जिनका विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | तहसील का नाम | विकास खण्ड का नाम | पेयजल योजना का नाम | वाद का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स कलपतरू | पट्टी | मंगरौरा | पूरबपट्टी | वाद सं0– 39/2024 ग्राम न्यायालय पट्टी प्रतापगढ़ दुर्गा देवी बनाम राज्य आदि। |
| 2 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | शिवगढ़ | तवंकलपुर एवं पहाड़पुर | वाद सं0– 1768/2024 अपर सिविल जज (जू0डि0) प्रतापगढ़ रईसुद्दीन बनाम राज्य सरकार आदि |
| 3 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | गौरा | भवानीगढ़ | वाद सं0– 1547/2024 सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़ विमला/विमल शंकर बनाम राज्य सरकार उ0प्र0 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | शिवगढ़ | सराय भरतराय | वाद सं0– 30/2024 सिविल जज (जू0डि0) सददर प्रतापगढ़ विद्या नारायन बनाम राज्य सरकार आदि |
| 5 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | शिवगढ़ | जयरामपुर | वाद सं0– 1645/2011 सिविल जज (जू0डि0) प्रतापगढ़ मोहसिन अली बनाम राज्य सरकार आदि। |
| 6 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | शिवगढ़ | नसीरपुर | वाद सं0– 1604/2023 न्यायालय सिविल जज समशेर बनाम राज्य प्रतिवादी संख्या 1 व 2 |
| 7 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | लक्ष्मणपुर | रघवापुर | वाद सं0– 1902/2023 सदर कोर्ट रामलाल सरोज बनाम अधिशासी अभियन्ता जल निगम प्रतिवादी संख्या 1 व 2 |
| 8 | मेसर्स कलपतरू | रानीगंज | मान्धाता | खालिसपुर | मूल वाद सं0– 975/2026 सिविल जज प्रतापगढ़ संतोष कुमार बनाम ग्राम पंचायत आदि। |
| 9 | मेसर्स कलपतरू | सदर | मान्धाता | मल्हूपुर | वाद सं0– 2272/2023 सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़ मो0 इसराइल आदि बनाम राज्य सरकार आदि। |
| 10 | मेसर्स पावरमेक | सदर | सण्डवा चन्द्रिका | उपाध्यायपुर | वाद सं0– 387/2014 सिविल जज (जू0डि0) सदर प्रतापगढ़ लालता प्रसाद बनाम राज्य सरकार आदि। |
| 11 | मेसर्स कलपतरू | सदर | सण्डवा चन्द्रिका | धरौली | वाद सं0– 1107/2023 सदर कोर्ट हरिकेश आदि बनाम राज्य आदि प्रतिवादी संख्या 3 |

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देश दिये गये कि ऐसे प्रकरण जो कोर्ट से सम्बन्धित है की पैरवी जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई (सम्बन्धित फर्म के वांछित सहयोग से) द्वारा प्रभावी तरीके से की जाय एवं उक्त की प्रगति के सम्बन्ध में आगामी बैठक में अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से अवगत कराये जाय।

**(कार्यवाही– सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/ अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़/ जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़)**

**<u>बिन्दु संख्या– 3 (जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं पर लम्बित विद्युत संयोजन के सम्बन्ध में) –</u>**

फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री सोमेश शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि 19 नग पेयजल योजनाओं के कार्य वर्तमान में पूर्ण है परन्तु विद्युत संयोजन उपलब्ध न होने के कारण योजनाओं का संचालन प्रारम्भ नहीं किया जा सका है, योजनाओं का विवरण निम्नवत् है –

| क्र0सं0 | विकास खण्ड | ग्राम पंचायत | पेयजल योजना |
|---|---|---|---|
| 1 | आसपुर देवसरा | गौरामाफी | गौरामाफी पे0यो0 |
| 2 | गौरा | सुरवा मिश्रपुर | सुरवा मिश्रपुर पे0यो0 |
| 3 | कुण्डा | गोतनी उपरहार | गोतनी उपरहार पे0यो0 |
| 4 | कुण्डा | बसहीपुर, जमेठी | बसहीपुर, जमेठी पे0यो0 |
| 5 | लक्ष्मणपुर | पूरनपुर खास | पूरनपुर खास पे0यो0 |
| 6 | लालगंज | अगई | अगई पे0यो0 |
| 7 | पट्टी | बेला | बेला पे0यो0 |
| 8 | रामपुर संग्रामगढ़ | नौढ़िया | नौढ़िया, गोविन्द रसूलपुर पे0यो0 |
| 9 | रामपुर संग्रामगढ़ | अर्रो | अर्रो पे0यो0 |
| 10 | रामपुर संग्रामगढ़ | संग्रामगढ़ | संग्रामगढ़ पे0यो0 |
| 11 | शिवगढ़ | तिवारीपुर, विष्णुपुर कला | सराय रतउ, तिवारीपुर, जमुनीपुर, विष्णुपुर कला पे0यो0 |
| 12 | विहार | रोर | रोर, पूरे खोतई पे0यो0 |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | शिवगढ़ | धनउपुर | धनउपुर पे0यो0 |
| 14 | गौरा | चांदपुर | चांदपुर पे0यो0 |
| 15 | लक्ष्मणपुर | रेड़ी | रेड़ी पे0यो0 |
| 16 | लक्ष्मणपुर | चंदापुर एवं रामपुर भेड़ियानी | चंदापुर एवं रामपुर भेड़ियानी पे0यो0 |
| 17 | मान्धाता | हैसी परजी | हैसी परजी पे0यो0 |
| 18 | मान्धाता | नूरपुर | नूरपुर पे0यो0 |
| 19 | शिवगढ़ | शिवगढ़ | शिवगढ़ पे0यो0 |

इस सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ताओं से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पेयजल योजनाओं हेतु लम्बित विद्युत संयोजनों की प्रगति के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त की गई, जिसका विवरण निम्नवत् है –

| क्र0 सं0 | विद्युत वितरण खण्ड का नाम | पे0यो0 हेतु विद्युत संयोजन के आवेदन की संख्या | प्राक्कलन प्राप्त | प्राक्कलन लम्बित | संयोजन हेतु धनराशि जमा | विद्युत कनेक्शन पूर्ण | विद्युत कनेक्शन लम्बित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अधिशासी अभियन्ता–प्रथम | 57 | 57 | 0 | 50 | 42 | 5 |
| 2 | अधिशासी अभियन्ता–लालगंज | 41 | 38 | 3 | 27 | 20 | 6 |
| 3 | अधिशासी अभियन्ता–रानीगंज | 47 | 47 | 0 | 36 | 27 | 8 |
| 4 | अधिशासी अभियन्ता–कुण्डा | 49 | 45 | 4 | 36 | 27 | 7 |
| | योग– | 194 | 187 | 7 | 149 | 116 | 26 |

उपरोक्त विवरण के अनुसार अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सम्बन्धित विद्युत वितरण खण्ड के अधिशासी अभियन्ताओं को निर्देश दिये गये कि जिन पेयजल योजनाओं की प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है एवं विद्युत धनराशि जमा है, उन पेयजल योजनाओं पर प्राथमिकता के आधार पर एक सप्ताह के भीतर विद्युत संयोजन कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड/ अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम, प्रयागराज/ मेसर्स जे0एम0सी0/मेसर्स पावरमेक)**

<u>बिन्दु संख्या– 4 (जल निगम की पुरानी पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में) –</u>

अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि 30 नग पेयजल योजनाओं में जल निगम द्वारा कार्य किया जा रहा है, जिसमें 14 नग पेयजल योजनाओं निर्माणाधीन है। विगत 02 वर्षों से बजट के अभाव में कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी है।

| S. N. | Name of the firm | | Allotted Schemes | Allotted village | Work Started | | Under O&M | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Scheme | Village | Scheme | Village | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | U.P. Jal Nigam Schemes | Under Construction | 30 | 59 | 14 | 33 | - | - | 07 योजनाओं में खारा पानी प्राप्त होने के कारण एवं 09 योजनाओं में जांच प्रचलित होने के कारण कार्य बाधित है। |

इसी प्रकार जल निगम (ग्रामीण) की पूर्व निर्मित 145 नग पेयजल योजनाओं में मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रा0लि0 द्वारा अनुरक्षण एवं रख–रखाव का कार्य किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न है –

| S. N. | Name of the firm | | Allotted Schemes | Allotted village | Work Started | | Under O&M | | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Scheme | Village | Scheme | Village | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | M/s LC Infra Pvt. Ltd. | U.P. Jal Nigam Old Scheme (O&M) | 145 | 225 | - | - | 103 | 158 | 7 scheme (17 Village) Fully Functional, 96 Scheme (141 Village) Partial Functional & 42 Scheme (68 Village) Non Functional |

Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व निर्मित 145 नग पेयजल योजनाओं में से 99 नग पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन में मात्र मरम्मत/रिबोर की धनराशि स्वीकृत हुयी है, जिसमें से 89 नग पेयजल योजनाओं में कार्य प्रगति पर है, 04 नग पेयजल योजनाओं पर नलकूप रिबोर का कार्य किया जाना है, जिसके सामग्री की आपूर्ति का कार्य प्रगति पर है।

उपरोक्त के सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निम्न निर्देश निर्गत किये गये –

I. जिन पेयजल योजनाओं पर मरम्मत कार्य प्रगतिरत है उन्हें निर्धारित समय–सीमा के अन्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।
II. जिन 103 पेयजल योजनाओं से वर्तमान में नियमित जलापूर्ति की जा रही है, उनमें नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित की जाय।
III. प्रत्येक पेयजल योजनाओं की प्री–मानसून जल गुणवत्ता रिपोर्ट आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाय।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, प्रतापगढ़/ मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0)**

अन्त में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न की गयी।

Digitally signed by
TAUSEEF AHMAD
Date: 23-06-2026
13:29:19

Digitally signed by
ABHISHEK PANDEY
Date: 25-06-2026
20:11:39

| | | |
|---|---|---|
| **अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/ डी0डब्ल्यू0एस0एम0, प्रतापगढ़।** | **मुख्य विकास अधिकारी/सदस्य जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, प्रतापगढ़।** | **जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, प्रतापगढ़।** |

## कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़।

पत्रांक : 2283/ एम-6 / 95 दिनांक : 25/06/2026

**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4– मुख्य अभियन्ता (का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
5– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
6– अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, प्रतापगढ़।
7– जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
8– प्रभागीय वनाधिकारी, प्रतापगढ़।
9– जिला मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़।
10– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़।
11– अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिसोर्सस/सिंचाई, प्रतापगढ़।
12– अधिशासी अभियन्ता, ग्राउण्ड वाटर, प्रतापगढ़।
13– जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़।
14– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, प्रतापगढ़।
15– जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़।
16– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–प्रथम/रानीगंज/लालगंज/कुण्डा, प्रतापगढ़।
17– अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय (वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
18– जिला समन्वयक, जिला परियोजना निगरानी इकाई, प्रतापगढ़।
19– श्री सोमेश शर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी), 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हयात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।
20– श्री नागराजू सनापला, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट–भुरथनम कान्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद।
21– श्री आलोक दूबे, प्रोजेक्ट मैनेजर, मेसर्स एल0सी0 इन्फ्रा प्रोजेक्ट लि0, अहमदाबाद, गुजरात।
22– श्री नीरज झा, उप परियोजना प्रबन्धक/श्री संदीप गुप्ता, डी0टी0एल0, मेसर्स मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0।

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**प्रतापगढ़।**

Scanned with OKEN Scanner